# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 सितम्बर 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन का मुख्य उद्देश्य सेवा हर व्यक्ति में स्वाभाविक रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी, सर्वोच्च पद पर पहुंचने के बाद सेवा ही मार्गदर्शक सिद्धांत रहना चाहिए।

***सेवा यही मुख्य हमारा काम होना चाहिए और हम सेवा कर करके ही सेवा का संदेश देंगे। शब्दों में नहीं देंगे। हमारे अपने आचरण से लोगों को पता चले की राजनीति में सत्ता कितनी ही क्यों न बड़ी हो जाए, लेकिन हमारा मार्ग सेवा का ही रहेगा। कितने ही ऊंचे शिखर पर पहुंचेंगे, लेकिन सेवा परमो धर्म इस भाव को लेकर आगे बढ़ेंगे।***

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ाने का आह्वान किया।

***इस वर्ष लाल किले से शक्ति की जिन सप्त धाराओं की चर्चा मैंने की है उनके विषय में भी लोगों से बात करनी है। मैन्युफैक्चरिंग की धारा, टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन की धारा, कनेक्टिविटी की धारा ऐसी सात धाराएं विकसित भारत के निर्माण की बहुत बड़ी ऊर्जा बनी हुई हैं और इस ऊर्जा को देश के हर नागरिक से ही गति मिली तो आपकी ये ऊर्जा आपके ये अनुभव विकसित भारत की यात्रा को और गति देंगी।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसेवा में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। यह यात्रा जनसेवा से देशसेवा के मंत्र और निरंतर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। सेवा और सुशासन के दृष्टिकोण से प्रेरित सरकार 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से यह समर्पण लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है। आज हम अपनी विशेष श्रृंखला में लोगों के लिए घर खरीद को आसान और भरोसेमंद बनाने वाले रेरा कानून की जानकारी दे रहे है।

***वर्ष 2016 में संसद ने रियल एस्टेट रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट एक्ट पारित किया। इसके तहत राज्य रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी की स्थापना की गई। रेरा लागू होने के बाद से किसी भी फ्लैट के बेचने से पहले प्रोजेक्ट को रजिस्टर करना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रेरा के माध्यम से ग्राहक और डेवलेपर्स के बीच का भरोसा मजबूत बनान में अहम भूमिका निभाई है।***

***कानून ने पूरे हाउसिंग सेक्टर को अविश्वास और धोखाधड़ी से बाहर निकालने में बहुत बड़ी मदद की। इस कानून के बनने से घर खरीदारों को समय पर न्याय भी मिल रहा है।***

***गौतमबुद्धनगर निवासी अनिल तिवारी ने बताया कि रेरा के कारण बिल्डर समय से प्रोजेक्ट शुरू कर रहे हैं और समय पर लोगों को मकान पर कब्जा मिल रहा है।***

***हमारे जो पैसे हैं लगाते हैं डेवलपर के साथ वो हमारा सुरक्षित पाया जाता है और हमें कोई भी आपत्ति यदि रियल एस्टेट के माध्यम से होती है तो हम बिना रेरा के पास अपनी शिकायत लेके जाते हैं।***

***रेरा ने डेवलपर्स और क्लाइंट के बीच संबंध को बेहतर बनाया है और खरीदारों के अधिकारों को वैधानिक बल दिया है। विशाल धर दूबे, आकाशवाणी समाचार गौतमबुद्ध नगर।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की 138वीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ–साथ आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

**********

ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र के दयानातपुर गांव के पास बीती रात एक स्लीपर बस में आग लगने से नौ यात्रियों की मौत हो गई। यह यात्री बस नोएडा से आगरा जा रही थी और इसमें करीब 35 यात्री सवार थे। नोएडा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि करीब दो दर्जन यात्रियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

***आग बुझाने के दौरान जो है रेस्क्यू भी प्रारम्भ किया गया है। इसमें करीब 20 से 25 लोगों को सकुशल बाहर निकाला गया है। इसमें कुल जो है 9 लोगों की जो है, आग बुझाने के बाद जब हम लोग अंदर प्रवेश किए हैं, तो 9 लोगों की दम घुटने अथवा अग्नि दुर्घटना से इसमें दुखद मृत्यु हो गई है।***

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने बस दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2–2 लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं प्रदेश सरकार ने भी मृतकों के परिवार वालों को 2–2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित कई पूर्वी जिलों में कल से ही रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने इस अंचल में सत्ताईस सितम्बर तक कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**********